




नवभारत 08

ग्वालियर, सोमवार, 19 जनवरी, 2026




# भिंड आगमन पर विस अध्यक्ष का स्वागत

**नवभारत न्यूज**

**भिण्ड, 18 जनवरी।** रविवार को मध्यप्रदेश विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर के प्रवास के दौरान भिंड आगमन पर भिंड विधायक नरेंद्र सिंह कुशवाह ने अपने निज निवास पर उनका आत्मीय स्वागत एवं वंदन किया। इस अवसर पर विधायक कुशवाह ने पुष्पगुच्छ भेंट कर एवं शाल ओढ़ाकर उनका सम्मान किया।

**विकास पर हुई चर्चा**

भेंट के दौरान भिंड जिले के समग्र विकास को लेकर विस्तार से चर्चा हुई। विधायक नरेंद्र सिंह कुशवाह ने क्षेत्र की सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, रोजगार एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं से जुड़ी समस्याओं से विधानसभा अध्यक्ष को अवगत कराया तथा विकास योजनाओं पर मार्गदर्शन प्राप्त किया। विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने भिंड के विकास को प्राथमिकता देने का आश्वासन देते हुए कहा कि सरकार जनकल्याण एवं क्षेत्रीय विकास के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि भिंड को प्रगति के पथ पर आगे बढ़ाने के लिए सभी जनप्रतिनिधियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करना होगा। इस अवसर पर बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं क्षेत्रीय नागरिक उपस्थित रहे।

# जिस पंचायत में लगे 1.23 करोड़ के भ्रष्टाचार के आरोप, उसी में सचिव को दोबारा पदस्थ किया

**विश्वनाथ श्रीवास**

**भिण्ड, 18 जनवरी।** गोहद जनपद की बकनासा पंचायत में तीन साल पूर्व हुए एक करोड़ से अधिक भ्रष्टाचार के आरोपों से घिर सचिव राजवीर सिंह पर अधिकारी महरवान हैं। तत्कालीन कलेक्टर सतीश कुमार एस ने ग्रामीणों की शिकायत पर जब जांच के आदेश दिए तो सचिव पर एक करोड़ 23 लाख रुपए का भ्रष्टाचार साबित हुआ था, लेकिन साल 2023 में सचिव ने अधिकारियों से सांठगांठ कर ली और उस पर महज एक लाख 25 हजार रुपए की रिकवरी निकाली गई।

**ग्राम पंचायत बकनासा में साल 2022 में हुए भ्रष्टाचार की जांच कागजों में दफन की**

हद तो तब हो गई जब जिला पंचायत सीईओ ने पिछले महीने भ्रष?टाचार के आरोपों से घिरे सचिव को पुन: बकनासा पंचायत में सचिव की जिम्?मेदारी सौंप दी।





**तालाब और मुक्तिधाम पर निकाला पैसा:** पंचायत में खेत तालाब, मुक्तिधाम, डंक टैंक, पशुशेड सहित 17 निर्माण कार्यों के नाम पर 1.23 करोड़ रुपए की राशि सचिव के माध्यम से पंचायत ने निकाली थी। साल 2021 और 2022 में यह राशि आहरण की गई। इसकी शिकायत जब ग्रामीणों द्वारा कलेक्टर से की, तब जिला पंचायत को जांच के निर्देश दिए गए थे।

जांच के दौरान सचिव पर एक करोड़ से अधिक रुपए की राशि आहरण करने के आरोप सिद्ध हुए थे। उसके बाद सचिव को पंचायत से निलंबित भी कर दिया गया था, मगर बाद में तत्कालीन जिला पंचायत सीईओ जे कें जैन नें पुन: जाँच कर भ्रष्टाचार की राशि एक करोड़ 23 लाख की जगह घटाकर 125700 रह गई और वह राशि सचिव द्वारा जमा कर ली गई और यह मामला अधिकारियों की कृपा के चलते कागजों में दम तोड़ता नजर आने लगा।

कलेक्टर बदलने के बाद तत्कालीन कलेक्टर संजीव श्रीवास्?तव के समय तक सचिव को कोई प्रभार नहीं मिला लेकिन वर्तमान जिला पंचायत सीईओ सुनील दुबे नें सचिव कों पुन: उसी पंचायत में पदस्थ कर दिया।

**नियम विरुद्ध मिला प्रभार**

नियम है कि जिस कर्मचारी पर जिस पंचायत में भ्रष्टाचार के आरोप लगे हैं, उसे यथावत उसी कार्यक्षेत्र में पदस्थ नहीं किया जा सकता है। पंचायत सचिव राजवीर सिंह को हाल ही में जिला पंचायत सीईओ द्वारा उसी पंचायत में प्रभार सौंपा गया है, जहां उसके ऊपर गबन का आरोप सिद्ध किया गया था। हालांकि अधिकारियों का चरण चुम्मन करने के बाद उन्होंने सचिव को बख?श दिया और भ्रष्टाचार की राशि से कमीशनखोरी करके उसे बहाल कर दिया है। प्रशासन का यह दौहरा रवैया कर्मचारियों के हित और जनता के अहित में नजर आया है। पंचायतों में होने वाले निर्माण कार्यों का पैसा ग्रामीणों के विकास में खर्च न होकर भ्रष्टाचर की भेंट चढ़ गया है।

**इनका कहना है...**

मामले की पड़ताल को लेकर जिला पंचायत सीईओ को फोन लगाया तो उन्होंने बताया कि कमिश्नर साहब के यहां से एक टीम गठित की गई थी ऐसी मुझें जानकारी है जिन्होंने जांच की और पाया कि जो भ्रष्टाचार का आरोप लगा था उसमें कई सारे काम किए गए थे और वह राशि घटकर 1लाख 25 हजार रह गई थी आपके द्वारा मामला संज्ञान में लाया गया है मामले की पूरी पड़ताल कर उचित कार्रवाई करेंगे!

**– सुनील दुबे, जिला पंचायत सीईओ भिंड**

## एक नजर में



### गणेश एवं मंशापूर्ण हनुमान मंदिर पर जरूरतमंदों को कराया भोजन

**भिंड, 18 जनवरी।** श्रीवास सेन समाज के युवा जिला उपाध्यक्ष एवं पावर हाउस जिम के संचालक भीम श्रीवास द्वारा कांग्रेस के युवा नेता भरत चतुर्वेदी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में सेवा कार्य किया गया। इस अवसर पर गणेश मंदिर एवं मंशापूर्ण हनुमान मंदिर परिसर में जरूरतमंदों को भोजन एवं फल वितरित किए गए। कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं जरूरतमंदजन उपस्थित रहे। भीम श्रीवास ने कहा कि जन्मदिन जैसे अवसर को सेवा और पुण्य कार्य से जोड़ना ही सच्चा उत्सव है। जरूरतमंदों की सहायता करने से आत्मिक संतोष मिलता है और समाज में सकारात्मक संदेश जाता है। मंदिर परिसर में भोजन एवं फल पाकर जरूरतमंदों के चेहरे पर मुस्कान दिखाई दी। इस अवसर पर समाज के युवाओं एवं गणमान्य नागरिकों ने भी सहयोग किया।





### संगठित हिंदू समाज ही सशक्त भारत की आधारशिला : तिलक राज दांगी

**भिंड।** भिंड नगर के महावीर, प्रताप एवं सिद्धेश्वर उपनगर में सकल हिंदू समाज द्वारा विशाल हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। महावीर उपनगर में आयोजित सम्मेलन में मुख्य वक्ता तिलक राज दांगी (संगठन मंत्री, बनवासी कल्याण परिसर मध्य भारत, मालवा प्रांत) उपस्थित रहे। उन्होंने हिंदू समाज की एकता, संस्कृति संरक्षण एवं राष्ट्र निर्माण पर बल देते हुए कहा कि संगठित और जागरूक हिंदू समाज ही मजबूत, सुरक्षित और समृद्ध भारत की आधारशिला है। समाज में समरसता, अनुशासन और सेवा भाव से ही राष्ट्र सशक्त बन सकता है। सम्मेलन का शुभारंभ उपनगर में भव्य शोभा यात्रा एवं भारत माता के चित्र पर पुष्पार्चन के साथ किया गया। अपने उद्बोधन में दांगी ने कहा कि हिंदू समाज की सांस्कृतिक विरासत, पारिवारिक मूल्य और सामाजिक जिम्मेदारी ही देश को एक सूत्र में बांधे रखती है। आज आवश्यकता है कि समाज संगठित होकर शिक्षा, सेवा और संस्कारों के माध्यम से नई पीढ़ी को राष्ट्रहित के लिए तैयार करे। उन्होंने कहा कि सामाजिक एकता से ही देश आंतरिक और बाहरी चुनौतियों का सामना कर सकता है। युवाओं से आह्वान किया गया कि वे नशामुक्ति, पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता और सामाजिक सेवा जैसे कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाएं और समाज को नई दिशा देने में सहभागी बनें। सम्मेलन में समाज के विभिन्न वर्गों के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में संत विजय दास महाराज (कुंडेश्वर मंदिर), डॉ. अंजली शर्मा एवं मुदिता भारद्वाज मंचासीन रहीं। वक्ताओं ने समाज में जागरूकता, समरसता एवं संस्कारों को मजबूत करने पर अपने विचार रखे। कार्यक्रम के अंत में भारत माता की आरती के साथ सम्मेलन का समापन हुआ। आयोजन समिति के सदस्यों द्वारा सहभोज का आग्रह किया गया। सम्मेलन को सफल बनाने में स्थानीय कार्यकर्ताओं एवं सकल हिंदू समाज के सदस्यों का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम में पूरे समय अनुशासन, श्रद्धा और उत्साह का वातावरण बना रहा।



### बोर्ड परीक्षाएं छात्रों के जीवन का महत्वपूर्ण पड़ाव : कलेक्टर

**भिंड।** कलेक्टर किरोड़ी लाल मीणा की अध्यक्षता में माध्यमिक शिक्षा मण्डल भोपाल द्वारा आयोजित 10वीं एवं 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं की तैयारियों के संबंध में केंद्राध्यक्ष एवं सहायक केंद्राध्यक्षों की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार भिंड में आयोजित की गई। बैठक में परीक्षा प्रक्रिया को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं सुव्यवस्थित बनाने पर विशेष जोर दिया गया। कलेक्टर ने सभी केंद्राध्यक्षों एवं सहायक केंद्राध्यक्षों को विस्तृत निर्देश देते हुए कहा कि बोर्ड परीक्षाएं छात्रों के जीवन का महत्वपूर्ण पड़ाव हैं, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर पर्याप्त बैठने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, किसी भी केंद्र पर छात्रों को असुविधा नहीं होनी चाहिए। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि नकल किसी भी रूप में स्वीकार नहीं की जाएगी। इसके लिए केंद्राध्यक्ष स्वयं सतर्क रहें और समस्त स्टाफ को भी सतर्क रखें।





# खेल युवाओं के सर्वांगीण विकास का सशक्त माध्यम : कुशवाह

**सरकार खेलों को प्राथमिकता दे रही है, ताकि प्रदेश का युवा नई ऊंचाइयों को छू सके : जिपं अध्यक्ष भदौरिया, खेलो एमपी यूथ गेम्स का विधायक नरेन्द्र सिंह ने किया शुभारंभ, विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं हुईं आयोजित**

**नवभारत न्यूज**

**भिण्ड, 18 जनवरी।** खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा आयोजित खेलो एमपी यूथ गेम्स का जिला स्तरीय शुभारंभ कार्यक्रम राजीव गांधी स्टेडियम भिंड में भव्य रूप से संपन्न हुआ। कार्यक्रम में भिंड विधायक नरेन्द्र सिंह कुशवाह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जबकि जिला पंचायत अध्यक्ष कामना सिंह भदौरिया ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। इस अवसर पर जिले भर से आए सैकड़ों खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं में क्रिकेट, कबड्डी, वॉलीबॉल, खो-खो, रस्साकसी एवं योगासन सहित छह खेल विधाओं में जिले के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने अपना कौशल प्रदर्शित किया। कार्यक्रम में एसडीओपी रविन्द्र वास्कले, जिला खेल अधिकारी अजीम खान, खेल विभाग से रामबाबू कुशवाह, खेल प्रशिक्षक संजय पंकज सहित अन्य अधिकारी, जनप्रतिनिधिगण, गणमान्य नागरिक एवं बड़ी संख्या में खेल प्रेमी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए विधायक नरेन्द्र सिंह कुशवाह ने सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं और कहा कि जिले के प्रत्येक विकासखंड में ब्लॉक स्तर पर प्रतियोगिताएं सफलतापूर्वक संपन्न होने के बाद अब जिला स्तर पर मुकाबले आयोजित किए जा रहे हैं। यह मंच खिलाड़ियों को आगे बढ़ने का सुनहरा अवसर प्रदान करता है। उन्होंने खिलाड़ियों से अनुशासन एवं खेल भावना के साथ भाग लेने का आह्वान करते हुए कहा कि श्रेष्ठ प्रदर्शन के माध्यम से वे संभाग, राज्य, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत और मध्यप्रदेश का नाम रोशन कर सकते हैं। विधायक कुशवाह ने खेलों की महत्ता पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि खेल युवाओं के सर्वांगीण विकास का सबसे सशक्त माध्यम हैं।

खेल न केवल शारीरिक मजबूती प्रदान करते हैं, बल्कि मानसिक और बौद्धिक विकास में भी सहायक होते हैं। खेल आत्मबल बढ़ाते हैं, अनुशासन सिखाते हैं और आत्मविश्वास जगाते हैं। मैदान पर जीतने और हारने की कला सीख लेने वाला युवा जीवन की हर चुनौती का डटकर सामना कर सकता है। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे इस अवसर को भुनाएं और अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाएं। उन्होंने कहा कि खेलो एमपी यूथ गेम्स का मुख्य उद्देश्य गांव-गांव और शहर-शहर में छिपी खेल प्रतिभाओं को खोजकर उन्हें एक मजबूत और प्रभावी मंच प्रदान करना है। यह प्रतियोगिता खिलाड़ियों को संभाग और राज्य स्तर तक पहुंचने का मार्ग प्रशस्त करेगी, जिससे भविष्य में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी प्रदेश का प्रतिनिधित्व करने वाले खिलाड़ी उभर सकेंगे।

**सरकार खेलों को प्राथमिकता दे रही है : जिपं अध्यक्ष**

जिला पंचायत अध्यक्ष कामनासिंह भदौरिया ने कहा कि युवाओं की ऊर्जा, प्रतिभा और अनुशासन ही मध्यप्रदेश का उज्ज्वल भविष्य है। प्रदेश सरकार युवाओं के सर्वांगीण विकास के लिए कृतसंकल्पित है। खेल स्टेडियमों का निर्माण, प्रशिक्षण सुविधाओं का विस्तार, प्रोत्साहन राशि और आधुनिक संसाधन उपलब्ध कराए जा रहे हैं। सरकार खेलों को प्राथमिकता दे रही है, ताकि प्रदेश का युवा नई ऊंचाइयों को छू सके। कार्यक्रम के दौरान खिलाड़ियों में विशेष उत्साह देखने को मिला। मैदान पर अनुशासन, खेल भावना और प्रतिस्पर्धा का सुंदर समन्वय दिखाई दिया। आयोजन ने जिले में खेल संस्कृति को नई दिशा दी है और युवाओं में आगे बढ़ने का नया संकल्प जगाया है।

# ग्रामोदय से अभ्युदय अभियान का गोहद में विकासखंड स्तरीय शुभारंभ

**नवभारत न्यूज**

**गोहद, 18 जनवरी।** किसी भी कार्य को तब तक सफलता नहीं मिलती, जब तक आपकी भावना पवित्र न हो। जनसेवा को हृदय में रखकर ग्रामोदय में जुटें, तो अभियान की सफलता निश्चित है।' उक्त उद्गार नगर पालिका अध्यक्ष मंजू माहौर ने मप्र जन अभियान परिषद के तत्वावधान में आयोजित ग्रामोदय से अभ्युदय मध्यप्रदेश अभियान के गोहद में विकासखंड स्तरीय शुभारंभ कार्यक्रम के दौरान व्यक्त किए।



शासकीय महाविद्यालय सभागार गोहद में दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर जिला समन्वयक शिवप्रताप सिंह भदौरिया, विधायक प्रतिनिधि विश्वनाथ सिंह, पार्षद लाखन सिंह, नवयुग हॉस्पिटल के डायरेक्टर लक्ष्मण सिंह तोमर, विषय विशेषज्ञ हरिओम गौतम, विकासखंड समन्वयक बृजेंद्र शर्मा सहित प्रस्फुटन समितियां, नवांकुर समितियां, मेंटर्स, छात्र, सीएम इंटर्न एवं अन्य समाजसेवी उपस्थित रहे। नगर पालिका अध्यक्ष मंजू माहौर ने कहा कि ग्रामोदय से अभ्युदय अभियान समाज के प्रत्येक महत्वपूर्ण बिंदु को छूता है। यह वास्तव में एक सार्थक और व्यापक अभियान है, जिसमें समाज के हर वर्ग को जोड़ने का प्रयास है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं को इस अभियान के लिए बधाई देते हुए ग्राम स्तर पर सक्रिय होकर कार्य करने का आह्वान किया। जिला समन्वयक शिवप्रताप सिंह भदौरिया ने कहा कि अभियान के अंतर्गत दिए गए विषयों पर ग्राम के प्रत्येक व्यक्ति को जागरूक करना होगा। सामाजिक समरसता, नशा मुक्ति, शिक्षा, संस्कार एवं गौ-संरक्षण जैसे विषय अत्यंत महत्वपूर्ण हैं।

स्वागत भाषण में विकासखंड समन्वयक बृजेंद्र शर्मा ने कहा कि परिषद सरकार की योजनाओं एवं विकास कार्यक्रमों को गांव-गांव तक पहुंचाने का कार्य करेगी तथा ग्रामोदय से अभ्युदय अभियान को जन-जन तक ले जाने हेतु सभी समितियां एवं छात्र प्रतिबद्ध हैं।

विधायक प्रतिनिधि विश्वनाथ सिंह ने कहा कि इस अभियान के बारे में जानकारी मिली अच्छा लगा इसमें सभी विषयों को समाहित किया गया है। अभियान के जरिए परिषद् की प्रस्फुटन समितियां, नवांकुर संस्थाएं, मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व परामर्शदाता,द्वारा भी सहभागिता की जायेगी।कार्यशाला का संचालन परामर्शदाता सुश्री ज्योति चौहान और आभार प्रदर्शन विकासखंड समन्वयक गोहद बृजेंद्र शर्मा ने किया।

**नशामुक्ति पर प्रकाश डाला**

विषय विशेषज्ञ हरिओम गौतम ने नशा मुक्ति पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि नशा सृजन नहीं, विनाश करता है, इसलिए इससे दूर रहना और दूसरों को भी जागरूक करना आवश्यक है। युवा प्रतिनिधि अनमोल शर्मा ने युवाओं से स्वामी विवेकानंद से प्रेरणा लेने का आह्वान किया। विधायक प्रतिनिधि विश्वनाथ सिंह ने अभियान की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए उपयोगी बताया। कार्यशाला का संचालन परामर्शदाता ज्योति चौहान ने किया तथा आभार प्रदर्शन विकासखंड समन्वयक बृजेंद्र शर्मा ने किया।

## श्रीमदभागवत कथा के पंचम दिवस पर गुरु-भक्ति का हुआ भावपूर्ण वर्णन

**भिण्ड, 18 जनवरी।** आध्यात्मिक ज्ञानयज्ञ के अंतर्गत आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के पंचम दिवस पर कथा व्यास संत अनिल पाठक महाराज (वृंदावन धाम) ने श्रद्धालुओं को गुरु-भक्ति एवं कथा श्रवण के गूढ़ रहस्यों से अवगत कराया। अपने ओजस्वी एवं भावपूर्ण प्रवचनों में उन्होंने बताया कि गुरु और शिष्य का संबंध केवल बाहरी नहीं, बल्कि अंत:करण से जुड़ा होता है। महाराज ने कहा कि जब गुरु का अपने शिष्य से प्रेम हो जाता है, तब धीरे-धीरे गुरु का अनुभव शिष्य के अंत:करण में उतरने लगता है। जिसे गुरु-वचनों में विश्वास नहीं होता, वह जीवन में कभी सुखी नहीं रह सकता। जो शिष्य बालक की भांति सत्गुरु की आज्ञा को स्वीकार कर लेता है, उसका निश्चित रूप से उद्धार हो जाता है। उन्होंने कहा कि भगवान कण-कण में विद्यमान हैं।

# पंच परिवर्तन से व्यक्ति, परिवार, समाज और राष्ट्र के समग्र विकास का मार्ग प्रशस्त : रामदूत महाराज

**नवभारत न्यूज**

**भिण्ड, 18 जनवरी।** मिहोना में मिडिल स्कूल प्रांगण में सकल हिंदू समाज के तत्वावधान में भव्य सकल हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में पंच परिवर्तन समरसता, पर्यावरण संरक्षण, स्व-बोध, नागरिक शिष्टाचार एवं कुटुंब प्रबोधन के माध्यम से व्यक्ति से परिवार, परिवार से समाज और समाज से राष्ट्र के समग्र विकास का मार्ग प्रशस्त करने का संदेश दिया गया।

**मिहोना में आयोजित हुआ सकल हिंदू सम्मेलन**



मुख्य संत वक्ता श्री श्री 1008 रामदूत महाराज सोजना ने अपने उद्बोधन में कहा कि पंच परिवर्तन के माध्यम से समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाया जा सकता है। यदि प्रत्येक व्यक्ति इन पांच बिंदुओं को अपने जीवन में उतार ले, तो परिवार सशक्त होंगे, समाज संगठित होगा और राष्ट्र उन्नति के पथ पर अग्रसर होगा। उन्होंने कहा कि समरसता और संस्कार ही समाज को जोड़ने का कार्य करते हैं।

सम्मेलन के मुख्य वक्ता हरिश्चंद्र शर्मा, प्रांत समरसता प्रमुख (मध्य भारत प्रांत) ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की 100 वर्ष की विकास यात्रा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज सकल हिंदू समाज को एकजुट होने की आवश्यकता है। यदि समाज संगठित नहीं हुआ, तो वह दिन दूर नहीं जब भारत में भी वही परिस्थितियां उत्पन्न होंगी, जो आज बांग्लादेश या पाकिस्तान में हिंदुओं के साथ देखी जा रही हैं। उन्होंने समाज से आह्वान किया कि अपने बच्चों को संघ की शाखाओं में भेजें, जिससे वे संस्कारवान बन सकें और राष्ट्र निर्माण में सहभागी बनें। मातृशक्ति वक्ता बहन दीपाल सिंह भदोरिया ने पंच परिवर्तन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष में हमें संकल्प लेना चाहिए कि इन पांच परिवर्तनों को अपनाकर देश को आगे बढ़ाएंगे। उन्होंने कहा कि जब नारी शक्ति जागृत होती है, तो परिवार और समाज स्वत: सशक्त हो जाता है। संत समर तीर्थ ने धर्म, सदाचार एवं समाज में एकता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि धर्म केवल पूजा-पाठ तक सीमित नहीं, बल्कि सदाचार और सेवा भाव के माध्यम से समाज को जोड़ने का माध्यम है। कार्यक्रम में गो-पूजन, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां एवं प्रेरक उद्बोधन हुए। अंत में भारत माता की आरती एवं सहभोज के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। पूरे आयोजन के दौरान वातावरण में भक्ति, एकता एवं समरसता की भावना स्पष्ट रूप से झलकती रही। सम्मेलन में नगर एवं आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं समाजजन उपस्थित रहे।